**The Speaker Congratulated the Team of Scientists of the Indian Space Research Organization on Successful NASA-ISRO Launch of Synthetic Aperture Radar (NISAR) Satellite**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, दिनांक 30 जुलाई, 2025 को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से GSLV-F16 रॉकेट के माध्यम से नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया । यह अपनी तरह का पहला मिशन है, जिसके माध्यम से इस उपग्रह को सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया गया है । इस उपग्रह को माइक्रोवेव इमेजिंग के उद्देश्य से भारत के इसरो और यूएसए के नासा द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है । इस मिशन का उद्देश्य वैश्विक लैंड इको सिस्टम तथा समुद्री क्षेत्रों का अध्ययन करना है ।

हमें अपने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर अत्यन्त गर्व है ।

यह सभा इस सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों की टीम को बधाई देती है और उनके द्वारा भविष्य में किए जाने वाले प्रयासों में सफलता की कामना करती है ।

________